हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 फरवरी 2026

06 दो दिनों से बेमौसम हो रही बारिश ने बढ़ाई किसानों की...



07 बच्ची को एक्सपायरी डेट का थमाया आटे का पैकेट...





## जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से हुई कक्षा 5-8वीं की परीक्षा, एक भी नकल प्रकरण नहीं बना

जांच के लिए बनाए गए दलों ने सिरोंज, कुरवाई, नटेरन, ग्यारसपुर व विदिशा ब्लॉक में किया निरीक्षण।

# कक्षा 5वीं में 1686 और 8वीं में 1811 परीक्षार्थी पहला पेपर ही देने नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में शुरू हुई कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा में चौकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। दोनों ही परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र अनुपस्थित रहे। दोनों परीक्षाओं की बात करें तो 3497 छात्र पहले ही दिन परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

जिलेभर में 263 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पांचवीं की परीक्षा में जिलेभर में 25477 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें से प्रथम भाषा के पेपर में 23791 छात्र ही उपस्थित रहे। 1686 बच्चे अनुपस्थित रहे। जबकि कक्षा 8वीं में 23585 छात्र दर्ज थे। जिनमें से 21774 छात्र उपस्थित रहे। 1811 परीक्षर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों कक्षाओं में 3497 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा की जांच के लिए बनाए गए दलों ने कई ब्लॉक में निरीक्षण किया।

### इन ब्लॉक में सबसे अधिक छात्र अनुपस्थित

कक्षा पांचवीं में सबसे अधिक छात्र बासौदा ब्लॉक में अनुपस्थित रहे। यहां दर्ज 4991 परीक्षार्थियों में से 428 अनपुस्थित रहे। इसके बाद नटेरन में 326 छात्र, लटेरी में 287 परीक्षार्थी पेपर देने नहीं पहुंचे। वहीं कक्षा आठवीं में भी बासौदा ब्लॉक में सबसे अधिक 391 परीर्थी पेपर देने नहीं पहुंचे। इसके बाद कुरवाई में 345 और नटेरन में 334 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए जांच दल की टीमें सिरोंज, कुरवाई, नटेरन, ग्यारसपुर व विदिशा ब्लॉक में निरीक्षण करने पहुंची। दोनों परीक्षाओं में जिलेभर में कहीं थी नकल प्रकरण नहीं बना। वहीं जिले में गुरुवार को आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने बताया कि परीक्षा के दौरान कहीं से भी नकल की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। निगरानी के बीच परीक्षा संपन्न कराई गई। कक्षा 10वीं में चित्रकला विषय के लिए 4 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3 उपस्थित रहे और 1 अनुपस्थित रहा। वहीं कक्षा 12वीं में एनएसक्यूएफ के विभिन्न विषयों में 1815 में से 1798 परीक्षार्थी शामिल हुए 17 अनुपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षा विषय में पंजीकृत सभी 15 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार 12वीं में कुल 1830 में से 1813 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।



विदिशा। शहर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पहला पर्चा हल करते हुए विद्यार्थी।

**कक्षा पांचवीं में दर्ज बच्चों की संख्या**

| ब्लॉक | दर्ज | अनुपस्थित |
|---|---|---|
| बासौदा | 4991 | 428 |
| ग्यारसपुर | 1925 | 106 |
| कुरवाई | 2977 | 246 |
| लटेरी | 3386 | 287 |
| नटेरन | 3316 | 326 |
| सिरोंज | 4707 | 176 |
| विदिशा | 4214 | 127 |




**कक्षा आठवीं में दर्ज बच्चों की संख्या**

| ब्लॉक | दर्ज | अनुपस्थित |
|---|---|---|
| बासौदा | 4539 | 391 |
| ग्यारसपुर | 1863 | 138 |
| कुरवाई | 2676 | 345 |
| लटेरी | 2669 | 276 |
| नटेरन | 3225 | 334 |
| सिरोंज | 4203 | 171 |
| विदिशा | 4252 | 149 |

## खबर संक्षेप

### पर्यटन स्थलों से आज बेतवा मैराथन दौड़

**विदिशा।** जिले के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित बेतवा मैराथन 21 फरवरी को होगी। प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन के सहयोग से किया जा रहा है। हाफ मैराथन (21 किमी) में प्रथम 21 हजार, द्वितीय 10 हजार और तृतीय 5 हजार रुपए, 10 किमी ओपन रन में 10 हजार, 5 हजार व 3 हजार तथा 5 किमी रन फॉर फन में 5 हजार, 3 हजार व 2 हजार रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 5 किमी विशेष दौड़ भी होगी। दौड़ का शुभारंभ रवींद्रनाथ टैगोर संस्कृतिक भवन से होगा। 21 किमी सुबह 5 बजे, 10 किमी 6 बजे और 5 किमी दौड़ 7 बजे प्रारंभ होगी।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

**विदिशा।** मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज दोपहर 12 बजे जिला स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद संशोधित मतदाता सूची सार्वजनिक की जाएगी। इसका उद्देश्य सूची को सटीक और पारदर्शी बनाना है। प्रकाशन के बाद सूची संबंधित कार्यालयों में अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी। नागरिक अपने नाम व विवरण की जांच कर सकेंगे।

### सोहेल अहमद दूसरी बार जिलाध्यक्ष नियुक्त

**विदिशा।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



अहमद खुर्रम सामीरी ने सोहेल अहमद बबलू को दूसरी बार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल 2 साल का रहेगा। पूर्व कार्यकाल में सक्रिय भूमिका के चलते उन्हें पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें तहसील, नगर व वार्ड स्तर पर कमेटियां गठित कर के निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 14 मरीजों को राहत

**विदिशा।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से जिले के 14 गंभीर व जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्वीकृत 10 हजार से 50 हजार रुपए तक की राशि ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे संबंधित अस्पतालों के खातों में अंतरित की गई। यह सहायता आरोग्य निधि हॉस्पिटल भोपाल, बैरसिया जनरल हॉस्पिटल, अरेरा हॉस्पिटल एंड कैथ लैब सहित अन्य अस्पतालों में उपचाररत मरीजों को मिली। कोषालय से यूटीआर नंबर के जरिए पारदर्शी भुगतान किया गया।

### बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सशक्त वाहिनी कक्षा में मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ। प्रधान मजिस्ट्रेट अपूर्वा पाठक ने न्यायिक सेवाओं की परीक्षा प्रक्रिया, तैयारी रणनीति और लक्ष्य निर्धारण पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता अनिमेष तिवारी ने एलएलबी, विधि शिक्षा और करियर संभावनाओं की जानकारी दी। संतोष रघुवंशी ने अभियान के उद्देश्य व उपलब्धियां बताईं।

### लायरा में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**कुरवाई।** तहसील कुरवाई की ग्राम पंचायत लायरा में संकल्प से समाधान अंतर्गत राजस्व सेवा शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में ग्रामीणों की नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खसरा नकल, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, रास्ता विवाद व अतिक्रमण संबंधी समस्याएं सुनी गईं। मौके पर बी-1 वाचन और फार्मर रजिस्ट्री भी बनाई गई। बिजली बिल व ट्रांसफार्मर समस्याओं का निराकरण किया गया।

## पहले बोवनी वाले गेहूं-चना में बारिश से नुकसान, किसान बोलेः क्वालिटी खराब होगी

*मौसम में हुए बदलाव का असर फसलों पर पड़ सकता है। पहले बोवनी वाली गेहूं की फसल पकने की कगार पर है और रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। किसानों का कहना है कि इससे क्वालिटी खराब हो जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेमौसम बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है, जिससे गेहूं और चना जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार रात हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं गुरुवार रात मध्यम बारिश दर्ज की गई।

बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। दिन में भी लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह मौसमी बदलाव हुआ है। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे दोपहर तक सूरज नहीं निकला। अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### फसलों को नुकसान क्वालिटी खराब होगी

इस बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कई स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल आड़ी हो गई है। दानों को नुकसान होने की आशंका से किसान मायूस हैं। कई गांवों में पककर तैयार खड़ी फसल हवा के कारण जमीन पर गिर गई है, जिससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों के अनुसार इस समय फसल को पानी की आवश्यकता नहीं थी और इस बारिश से चना तथा सरसों जैसी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। फसल पकने की स्थिति में होने के कारण लगातार नमी और बारिश से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। पहले से ही बढ़ती लागत और बाजार में कम भाव मिलने से किसान आर्थिक दबाव में थे, ऐसे में इस बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

## युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष सुमित पाल के नेतृत्व में माधवगंज चौराहे पर मप्र सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाकर विरोध किया।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री ने सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। युवा कांग्रेस ने मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेने या मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में वैभव भारद्वाज, देवेश भावसार, विक्रम अहिरवार सहित कई कार्यकर्ता व वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि सार्वजनिक माफी नहीं मिलने पर आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस दौरान सुभाष बोहत, अरुण कुमार अवस्थी, रमेश तिवारी, राजकुमार पासी, पर्वत सिंह, नीरज रघुवंशी, राकेश सूर्यवंशी, अनुज कुमार यादव, दीपसिंह दांगी, प्रसंग जैन, यश शर्मा, आयुष जैन, मोहित मंडलिया, देव रावत, अर्पित साहू आदि मौजूद रहे।



### पुलिस ने 6 दिन में नाबालिग बरामद कर परिजनों को सौंपा

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने 17 वर्षीय गुमशुदा बालिका को मात्र छह दिन में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 14 फरवरी को परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे व नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में पूछताछ व सूचना तंत्र के आधार पर 20 फरवरी को बालिका विदिशा से बरामद हुई। बालिका के परिजनों को बुलाकर कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

## वनकर्मियों पर हमला करने वाले दोनों आरोपी धराए, बाजार में जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शमशाबाद में 2 वनकर्मियों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई का संदेश दिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों का नगर के मुख्य बाजार में जुलूस निकाला और उनसे नारे लगवाए अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है तथा पेड़ काटना पाप है।

घटना ग्राम छापर की है। गुरुवार को वन विभाग की टीम सर्च वारंट के दौरान कीमती सागौन से भरी ट्रॉली जब्त कर ला रही थी, तभी आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में दो वनकर्मी घायल हो गए, जिनमें से एक का उपचार विदिशा जिला चिकित्सालय में जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर छापर निवासी विमलेश और बलराम अहिरवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने कहा कि कानून हाथ में लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।




शमशाबाद। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई पुलिस।

### देवकीनंद ठाकुर 10 मार्च को विदिशा आएंगे

**विदिशा।** वृंदावन के संत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज 10 मार्च को सुबह 9 बजे माधवगंज में



आयोजित विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। धर्मसभा के पश्चात बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद से अखंड हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता के उद्घोष के साथ विदिशा से बालाजी धाम मेहगांव तक सनातन एकता यात्रा प्रारंभ होगी। आयोजक हिंद प्रहरी संगठन ने धर्मप्रेमी बंधुओं से धर्मसभा एवं पदयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## तीन मंत्रियों के इस्तीफे और ट्रेड डील के विरोध में 24 को विधानसभा घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

■ कांग्रेस द्वारा आज प्रेसवार्ता आयोजित की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 24 फरवरी को भोपाल में विधानसभा घेराव किया जाएगा। इसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति कर तैयारियां तेज कर दी हैं।

21 फरवरी को दोपहर 2 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि अमेरिका से की गई कृषि ट्रेड डील भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने इंदौर में गंदे पानी से 35 मौतों के मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, छिंदवाड़ा में कफ सिरप से 27 बच्चों की मौत पर मंत्री राजेंद्र शुक्ला तथा कर्नल सोफिया कुरैशी के कथित अपमान प्रकरण में मंत्री विजय शाह से इस्तीफे की मांग की। मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि विभिन्न ब्लॉकों में प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से भोपाल पहुंचने का आह्वान किया गया है।

## बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर जनपद उपाध्यक्ष का विरोध सात दिन में कार्रवाई न होने पर धरना देने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

स्वास्थ्य सेवाओं की खराब स्थिति को लेकर जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकरदयाल शर्मा ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सौरभ मालवीय को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बीएमओ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। रेफर के बाद एंबुलेंस की व्यवस्था न होने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने हालिया घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि दीनदयाल कुशवाह को सांस लेने में तकलीफ होने पर समय पर इलाज और एंबुलेंस सुविधा नहीं मिली। पूर्व विधायक लीना जैन द्वारा उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस भी ड्राइवर के अभाव में उपयोग से बाहर बताई गई। प्रीति शर्मा ने निष्पक्ष जांच, बीएमओ को हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



### एसडीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का निरीक्षण किया

**कुरवाई।** एसडीएम मनीष जैन ने शुक्रवार सुबह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाइयों के स्टॉक, पैथोलॉजी लैब, वार्ड, शौचालय और अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर सुधार के निर्देश दिए। वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा कर सुविधाओं पर फीडबैक लिया तथा डॉ. आशीष जैन से ओपीडी व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान खराब वाटर कूलर को तत्काल ठीक कराने, स्वच्छता बनाए रखने और नाले की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्टाफ को समय पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाने तथा मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखने की हिदायत दी।

**सामाजिक न्याय दिवस पर सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को मार्गदर्शन मिला**

## सशक्त वाहिनी की कक्षा में प्रधान मजिस्ट्रेट ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण सुझाव दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कण्ट्रोल रूम में संचालित सशक्त वाहिनी की कक्षा में एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट अपूर्वा पाठक ने उपस्थित होकर बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा न्यायिक सेवाओं की परीक्षाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनिमेष तिवारी ने एलएलबी पाठ्यक्रम विधि शिक्षा के महत्व एवं न्यायिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बालिकाओं को विधि क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक योग्यताओं एवं तैयारी की रूपरेखा समझाई। महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष रघुवंशी ने सशक्त वाहिनी की कक्षाओं की गतिविधियों, उद्देश्य एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशक्त वाहिनी के माध्यम से बालिकाओं को शैक्षणिक मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और मार्गदर्शन का लाभ उठाया। यह आयोजन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।



## कलेक्टर गुप्ता ने आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजसात वाहनों की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब परिवहन में राजसात वाहनों की शीघ्र नीलामी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेखों को वर्षवार व्यवस्थित कर बस्ता बनाकर रखने और प्रत्येक बस्ते में सूची संलग्न करने को कहा। अलमारियों में रखे अभिलेखों व पंजियों की सूची बाहर चस्पा करने, सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाने तथा अनुपयोगी उपकरणों को राइट ऑफ करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कर्मचारियों के नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर सहित नेम प्लेट लगाने तथा अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को निर्धारित समय में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3561
उच्चतम भाव-5500
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6312
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5351
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6125
ज्वार
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000
मक्का
न्यूनतम भाव-1360
उच्चतम भाव-1670
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3340
धान
न्यूनतम भाव-1901
उच्चतम भाव-4177
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-1800
उड़द
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
गेहूं
न्यूनतम भाव -2040
उच्चतम भाव- 2841
तुअर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 6859 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# सर्च ऑपरेशन चलाकर नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में त्योंदा थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व छेड़छाड़ के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 18 फरवरी 2026 को त्योंदा थाना क्षेत्र की फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही नन्नू अहिरवार गलत तरीके से पकड़कर खंडहर की ओर ले गया। वहां ग्रामीणों की आहट पाकर आरोपी मौके से फरार हो गया। फरियादिया की रिपोर्ट के आधार पर त्योंदा थाना पुलिस ने धारा 137(2), 74 बीएनएस एवं 9(m), 10 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में तथा थाना त्योंदा पुलिस के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। ग्रामवासियों से विस्तृत पूछताछ, आरोपी के रहन-सहन, व्यवहार एवं गतिविधियों का विश्लेषण 50 किमी दायरे के



लगभग 40 गांवों में लगातार सर्च ऑपरेशन 220 से अधिक लोगों को आरोपी की फोटो दिखाकर पूछताछ एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों की सहायता से मुख्य मार्गों के बजाय खेतों एवं पगडंडियों से आवागमन तथा सामाजिक संपर्क न रखने जैसी चुनौतियों के बावजूद पुलिस टीम ने निरंतर पैदल भ्रमण एवं मुखबिर के माध्यम से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में गौरव रघुवंशी, रघुवीर सिंह राय, रविन्द्र सिंह तोमर, अखिलेश, शिवम सिंह तोमर, सतेन्द्र सिंह दांगी, खुशबू यादव की भूमिका रही।

# नदियों, तालाबों में कचरा फेंकना अपराध है: डॉ अमृता करुणेश्वरी



**गंज बासौदा।** वार्ड नंबर 17 स्थित सिद्ध क्षेत्र भाटन माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन प्रख्यात कथावाचिका डॉ. अमृता करुणेश्वरी ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री कृष्ण की 'गोवर्धन पूजा' और 'छप्पन भोग' के प्रसंग का सजीव वर्णन किया। कथा के दौरान डॉ अमृता करुणेश्वरी. ने केवल धार्मिक व्याख्यान ही नहीं दिए, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले नशा मुक्ति और पर्यावरण शुद्धि के गंभीर विषयों पर भी प्रकाश डाला। शरीर भगवान का मंदिर है, इसे नशे से अपवित्र न करें। नशा मुक्ति पर जोर देते हुए डॉ. अमृता करुणेश्वरी ने कहा यदि आप वास्तव में कृष्ण भक्त हैं, तो व्यसनों का त्याग करें। नशा न केवल आपके शरीर को खोखला करता है, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को निगल जाता है। नशे को छोड़कर भक्ति का नशा अपनाएं, जो जीवन को नष्ट नहीं, बल्कि आनंदित करता है। प्रकृति की रक्षा ही 'गोवर्धन पूजा' का असली अर्थ है। पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने गोवर्धन पर्वत की पूजा को प्रकृति संरक्षण से जोड़ा। यमुना जी के शुद्धिकरण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि नदियों और तालाबों में कचरा फेंकना अपराध है। जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने भक्तों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन के हर मांगलिक अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी संतान की भांति रक्षा करें। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की, ताकि बीमारियां दूर रहें और वातावरण शुद्ध बना रहे। कथा के अंत में गोवर्धन भगवान की भव्य झांकी सजाई गई और श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया। गिरीराज धरण की जय के जयकारों से पूरा पठार पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## शुक्रवार को दिन भर चलता रहा रुक रुक कर हल्की बारिश का दौर

# दो दिनों से बेमौसम हो रही बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों के पूर्वानुमान एक बार फिर सही साबित हुए। गुरूवार को कुछ देर हल्की बारिश होने के बाद शुक्रवार को भी सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर हल्की बारिश का दौर चलता रहा। जिससे नगर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। वहीं खेतों में भी नमी आ गई। हांलाकि इस बारिश से खेतों में कटी पडी और पकी फसलों को छोडकर शेष फसलों में नुकसान नहीं हुआ है।

ज्ञात हो कि मौसम में आए परिवर्तन के चलते वेबसाइटों ने गुरूवार और शुक्रवार को इलाके में बारिश के संकेत दिए थे। इन संभावनाओं के चलते गुरूवार को तो दिन में कुछ कुछ समय हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन शुक्रवार की सुबह से ही आसमान पूरी तरह






बादलों से ढंका रहा और रह रहकर हल्की बारिश होती रही। बादलों के कारण दिन भर धूप नहीं निकली और बारिश के कारण ठंडी हवाएं चलने से तापमान में भी गिरावट आ गई। बारिश, ठंड और सर्द हवाओं के चलते लोगों को दिन में बाहर निकलने में भी परेशानी हुई। सर्दी बढने से लोग दोबारा स्वेटर और गर्म कपड़ों का उपयोग करते एवं आग जलाकर सर्दी से राहत पाने का प्रयास करते नजर आए। उधर रह रहकर हो रही बारिश से किसान चिंतित बने रहे।

इन दिनों खेतों में पहली बोवनी वाली मसूर, तेवडा, बटरा, चना और सरसों की फसलें पकी खडी हैं। इनमें से अधिकांश की कटाई चल रही थी। बारिश से ऐसी फसलों को नुकसान पहुंचा है। फसलों के दाने दागदार होने की संभावना बढ गई है। वहीं बारिश से फसलें तो गीली हुई ही हैं, साथ ही खेत भी गीले हो गए हैं। अब खेतों में ट्रैक्टर, ट्रॉली और थ्रेशर ले जाने में काफी परेशानी होगी। जबकि बाद की बोवनी वाली गेहूं की फसल कहीं कहीं आडी हो गई है और शेष फसलों में इस बारिश से आंशिक नुकसान की संभावना है। अब इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने शनिवार से बारिश थमने और मंगलवार तक हल्के बादल छाए रहने के संकेत दिए हैं। वहीं अगले एक सप्ताह तक न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियश तक बना रहने यानी सर्दी का जोर ऐसा ही रहने के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। जिससे फसलों को राहत रहेगी।

# बेतवा नदी में मिला अज्ञात युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को दोपहर के समय बेतवा घाट पर उस समय सनसनी फैल गई जब कुछ युवकों ने नदी में एक युवक का शव पानी में अतराता देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घाट पर गए कुछ लोगों की नजर अचानक बेतवा नदी में पड़े शव पर गई। जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे और एसडीओपी शिखा भलावी भी घटना स्थल पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया गया। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक शव लगभग 12 घंटे पुराना बताया जा रहा है, हालांकि युवक की पहचान और मौत के कारणों का



खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है युवक की मौत हादसा है या फिर कोई अन्य कारण इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

## खबर संक्षेप

### दल ने की संपत्ती कर, जलकर वसूली



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगरपालिका दल द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में पहुंचकर संपत्ति कर,जलकर वसूली की कार्रवाई की गई। अमले ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी नगर में जारी रहेगी।

### नगर में बार बार हो रही बिजली गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचल में बगैर सूचना के बार बार बिजली गुल हो रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। शुक्रवार को पचमा बायपास क्षेत्र में सुबह से लेकर शाम तक कई बार बिजली प्रदाय बंद रहा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के कभी भी नगर में बिजली कटौती किए जाने से विद्युत उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। विद्युत उपभोक्ताओं ने अघौषित कटौती बंद करने की मांग की है।

# नपा अमले ने विभिन्न स्थानों से पकड़े एक दर्जन से अधिक आवारा कुत्ते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में आवारा कुत्तों द्वारा सड़क पर चलते पैदल राहगीरों, दो पहिया वाहन चालकों सहित अन्य लोगों को काटे जाने की घटना बढ़ने के बाद मामलों को गंभीरता से लेते हुए एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर नगरपालिका अमले ने स्वच्छता अधिकारी धीरज मीणा के नेतृत्व में नगर में अभियान चलाकर नगर के नया बस स्टेण्ड क्षेत्र, महाराणा प्रताप चौक के आसपास, जनपद पंचायत क्षेत्र के आसपास, पंचमुखी हनुमान मंदिर क्षेत्र सहित आसपास की गलियों से लगभग 16 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। नगर में भ्रमण करते आवारा कुत्ते पकड़ने का अभियान नगर पालिका द्वारा आगे भी जारी रहेगा।

# छात्राओं की कबड्डी टीम को 4 लाख पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय इंडोर स्टेडियम की बालिकाओं की कबड्डी टीम संसदीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बुदनी को पराजित कर विजयी हुई थी। खिलाड़ी छात्राओं को सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चार लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने समारोह आयोजित कर विजेता खिलाड़ी छात्राओं को विद्यालय स्तर पर सम्मानित करते हुए प्रत्येक छात्रा को मेडल टी-शर्ट किट प्रदान की। प्राचार्य एम सी शर्मा ने सभी छात्र, छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी अग्रणी रहकर खुद को स्वस्थ और फिट रहने की सलाह दी। इस अवसर पर




डाइट विदिशा से बलवीर सिंह रघुवंशी, विद्यालय की समीक्षा जैन, प्रीति सक्सेना, वंदना मिश्रा, मनीषा कुशवाह, भावना अग्रवाल, आकांक्षा रिछारिया, साधना दीक्षित, ईशा कुजूर, भारती पंथी, मनीष जाटव, आलोक नायक, विजय शर्मा सहित विद्यालयीन स्टाफ ने विजेता खिलाड़ी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### 41 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर के बरेठ रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पर भगवान का 41 वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक भगवान का महाभिषेक एवं हवन किया गया। वहीं शाम 6 बजे आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। उक्त पुतला दहन मध्य प्रदेश विधानसभा में विधानसभा की कार्रवाई के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर कैलाश विजयवर्गीय द्वारा अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव नितिन दुबे के नेतृत्व में कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सेन, कृष्ण मोहन शर्मा, राजकुमार सेन, महेंद्र जैन, सौरभ दुबे, हर्ष शर्मा, विपिन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, कमलेश रघुवंशी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा पर हुई चर्चा

# रमजान, होली, गजरथ महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक में तहसील स्थित पटवारी सभागृह में आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों, विशेषकर रमजान, होली, रंग पंचमी और जैन समाज के गजरथ महोत्सव के दौरान शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा करना था। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

तहसीलदार अरविंद यादव ने सभी सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से होली के त्योहार पर होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वहां कोई बिजली तार या अन्य खतरा न हो। पर्यावरण का ध्यान रखते हुए त्योहार मनाने पर भी जोर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर के मुख्य मार्गों और अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने त्योहारों के दौरान शहर की बिजली व्यवस्था सुचारु रखने और साफ-सफाई पर ध्यान देने की मांग की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को मस्जिदों और मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि त्योहारों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों पर तैनात रहेगा। शहर के मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम यातायात चौकी में बनाया गया है, जहां से पूरे शहर पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से किसी भी परेशानी की स्थिति में पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया। इस बैठक में अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महाविद्यालय में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त सहयोग से कैरियर गाइडेंस अंतर्गत जॉब प्रिपरेशन एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति एवं स्वामी विवेकानन्द प्रकोष्ठ प्रभारी कृतिका प्रकाश के मार्गदर्शन में किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

न्यायालय परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर न्यायाधीशों ने शुक्रवार को अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, अधिवक्ताओं के साथ न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। न्यायाधीशों ने अधिक से अधिक मामलों को समझौते के आधार पर निपटाने की अपेक्षा की, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण विद्युत एवं जलकर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। बैठक में रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सृष्टि कुशवाह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ एवं सचिव सहित अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श एवं चर्चा की गयी एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गयी। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके। आयोजित लोक अदालत में रखे जाने वाले विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के लिए उर्जा विभाग द्वारा छूट जारी कि गई है जो उक्त दिनांक को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले विद्युत के प्रकरणों में छूट संबंध प्रावधान समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेल, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक प्रिलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल प्रक्रिया दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चकवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट की जाएगी।

न्यायालय में लंबित प्रकरण स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चकवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।



### आटे का पैकेट वापस करने पहुंचे बच्ची के पिता तो दुकानदार ने जमकर किया ड्रामा

# बच्ची को एक्सपायरी डेट का थमाया आटे का पैकेट, खोलते ही उसमें से निकली इल्लियां

## सोशल मीडिया पर वीडिया हुई वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के घेर मोहल्ला स्थित एक किराना दुकानदार द्वारा बिना एक्सपायरी डेट देखे एक 11 वर्षीय बच्ची को एक्सपायरी आटे का पैकेट दे दिया गया। वहीं बच्ची जैसे वह आटे का पैकेट घर लेकर पहुंची और उस पैकेट को खोला तो उसमें इल्लियां निकली। जिस पर बच्ची के पिता मनोज यादव उस आटे के पैकेट को लेकर दुकारदार के पास पहुंचे और एक्सपायरी डेट निकली इल्लियों वाला आटा बच्चियों को क्यों दिया कहा तो दुकारदार ने ड्रामा चालू कर दिया और अपनी दुकान में आग लगाने की धमकी ग्राहक को दी गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।



## एसडीएम को आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग

आटे के पैकिट में इल्लियां निकलने और एक्सपायरी डेट वाला आटे का पैकेट देने को लेकर बडापुरा निवासी मनोज यादव ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन देते हुए कहा कि 17 फरवरी को मेरी 11 वर्षीय बेटी परीधी यादव वार्ड क्रमांक 9 केसरीमल गली स्थित विष्णु नेमा की किराने की दुकान से एक 5 किलो का सारथी चक्की फ्रेश आटा कंपनी का आटे का पैकिट 170 रुपए में खरीदकर लाई थी। घर पर जब उस आटे के पैकेट को खोलकर आटा निकाला तो आटे में इल्लियां निकलीं जब पैकेट की एक्सपायरी डेट देखी तो उसकी एक्सपायरी डेट 18 जनवरी 2026 थी जो कि एक माह पहले ही निकल गई। जब में उक्त आटे को दुकानदार के पास वापस करने पहुचा तो दुकानदार द्वारा मेरे साथ गाली-गलोच कर मुझे धमकी दी गई। उन्होने कहा कि इस दूषित आटा खाने से मेरा परिवार का स्वास्थ्य खराब हो सकता था और फूड पायजन फैलने की कोई भी घटना घट सकती थी।




### इनका कहना है

दुकानदार द्वारा एक्सपायरी आटे का पैकेट देने को लेकर आवेदक द्वारा मेरे पास भी शिकायती आवेदन आया है। मैंने फूड सेफ्टी ऑफिसर को कार्यवाही के लिए कहा है जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**संजय चौरसिया**, तहसीलदार सिरोंज।

### मासूम की मुस्कान लौटी अपने आंगन में

## पुलिस ने 3 वर्षीय बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिरोंज क्षेत्र में एक संवेदनशील और पुलिस कार्रवाई का सराहनीय उदाहरण सामने आया। नगर के न्यू बस स्टैण्ड के पास एक लगभग 03 वर्षीय मासूम बालिका अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। रात्रि लगभग 11 बजे इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को प्राप्त हुई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की गई। सूचना मिलते ही थाना सिरोंज क्षेत्र में तैनात डायल 112 वाहन को मौके पर रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक बाबूलाल एवं पायलट सोनू धाकड़ ने मौके पर पहुंचकर मासूम बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान बस कंडक्टर से जानकारी मिली कि बालिका अपने परिजनों के साथ बस में थी, परिजन बस से उतर गए और अनजाने में बालिका बस में ही रह गई। डायल 112 जवानों ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए परिजनों की तलाश प्रारंभ की। जानकारी प्राप्त हुई कि बालिका के परिजन बलरामपुर क्षेत्र में हैं तथा उसके मामा सिरोंज के कटरा मोहल्ले में निवास करते हैं। तत्पश्चात एफआरवी वाहन से बालिका को सुरक्षित लेकर संबंधित परिजनों तक पहुंचाया गया। तो वही पहचान एवं सत्यापन उपरांत मासूम को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े और उन्होंने पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस की यह त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई जनसेवा और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रही।

### सिरोंज में विमुक्त घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु परिवारों का सर्वे जारी, हर पात्र तक पहुंचा रहे लाभ

## जिला समन्वयक पूजा ने सर्वे के लिए सेक्टर गरेंठा में किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पामाखेड़ी में विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। इसके तहत घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु परिवारों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने सर्वे स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद टीम द्वारा भरे जा रहे सर्वे प्रपत्रों की जांच की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही सर्वे की शुद्धता और पारदर्शिता प्राथमिकता



निरीक्षण के दौरान पूजा श्रीवास्तव ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे कार्य में पूर्ण शुद्धता और पारदर्शिता बरती जाए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार सूची में दर्ज होने से न छूटे और हर जरूरतमंद का सही विवरण शासन के रिकॉर्ड में आए, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी,सर्वेयर अंकेश पटेल,नवांकुर संस्था जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा के प्रतिनिधि किशोर कुमार कुर्मी गरेंठा,एम एस डब्लू के पूर्व छात्र निलेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## लाखा बंजारा झील स्थित म्यूजिकल फाउंटेन को पुनः प्रारंभ कराने विधायक शैलेंद्र ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने शहर की महत्वपूर्ण पर्यटन एवं आकर्षण स्थली लाखा बंजारा झील में स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन के लंबे समय से बंद होने का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया।विधायक जैन ने प्रश्न के माध्यम से नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जानकारी चाही कि लगभग एक वर्ष से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को पुनः प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है तथा इसे कब तक चालू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि फाउंटेन के निर्माण के बाद उसके संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी किस एजेंसी की थी तथा बंद होने के लिए संबंधित एजेंसी पर क्या कार्रवाई की गई है। प्रश्न के उत्तर में मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने बताया कि म्यूजिकल फाउंटेन को पुनः प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रचलन में है। कलेक्टर सह अध्यक्ष स्मार्ट सिटी सागर के आदेश से गठित समिति द्वारा तकनीकी परीक्षण हेतु रिपोर्ट तैयार की गई है तथा तकनीकी मूल्यांकन के लिए इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर को पत्र प्रेषित किया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने एवं स्मार्ट सिटी बोर्ड के निर्णय के उपरांत फाउंटेन को पुनः संचालित किया जाएगा,मंत्री विजयवर्गीय ने यह भी जानकारी दी कि म्यूजिकल फाउंटेन के संचालन एवं मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संबंधित निर्माण एजेंसी की थी। फाउंटेन बंद होने के मामले में एजेंसी को नोटिस जारी किए गए हैं तथा तकनीकी परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही एजेंसी की शेष 50 प्रतिशत भुगतान राशि रोकी गई है।

## छायादार सब्जी मंडी के चबूतरे खाली मुख्य मार्ग पर ही लगी सब्जी दुकानें

### हॉर्कस जोन से अधिक फलों की दुकानें सड़कों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बड़ा बाजार स्थित सब्जी मंडी में बदहाली और सड़कों पर अतिक्रमण होने से हमेशा जाम लगने और विवाद की स्थिति बनती है। बड़ी मस्जिद के सामने खाली पड़े मैदान और सड़कों पर अतिक्रमण कर सब्जी, फलों की दुकाने लगाए जाने से एक और मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। वहीं बच्चों, बुजुर्गो, महिलाओं को जोखिम भरी स्थिति में पैदल, सडक़ों पर मजबूरी बना हुआ है।

दशकों पूर्व पुराने थाना, अदालत, कन्याशाला की दो मंजिला भवन को तोड़ कर न.प. द्वारा छायादार सब्जी मंडी का निर्माण कर सब्जी विक्रेताओं को चबूतरे आवंटित किए गए। इसी के साथ आसपास दर्जनों पक्की दुकानों का निर्माण कर किराये पर दी गई। पुराने थाने की भवन भूमि पर मछली मीट मार्केट में दुकानें लगती है। दुकानें, चबूतरा आवंटन के बाद भी दर्जनों दुकानदारों फल विक्रेताओं द्वारा मुख्य सडक़, मंडी मस्जिद के सामने, आर्युवैदिक अस्पताल के सामने भारी संख्या में दुकानें लगा कर अतिक्रमण के कारण दिन भर मुख्य सडक़ों पर आवागमन परिशानियों का कारण बनता है।

सब्जी मंडी, सडक़ों पर लगी दुकानों से सामान खरीदने वालों द्वारा मुख्य सडक़ पर ही वाहन खड़े कर दिए जाते है। जिससे पैदल चलना जोखिम भरा बना रहता है। पुरानी अदालत, कन्याशाला के पुराने खण्डहर क्षतिग्रस्त भवनों पर अतिक्रमण कर परिवारों द्वारा निवास और दुकानें लगाये जाने अतिक्रमण बड़ी समस्या बना हुआ है। बेशकीमती सरकारी भूमियों भवनों पर अतिक्रमण हटा कर वाहन पार्किंग स्थल बनाने से जाम लगने और होने वाले विवादों से छुटकारा मिल सकता है। सब्जी मंडी को व्यवस्थित और हार्कस जोन का भरपूर उपयोग भी जरूरी है।

## दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य श्री विद्या सागर का द्वितीय समाधि स्मृति महोत्सव मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

धर्म नगरी में भक्तिभाव के साथ आचार्य श्री विद्या सागर महाराज का द्वितीय समाधी स्मृति महोत्सव दिगम्बर जैन मंदिर में सकल जैन समाज द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में पू. मुनि 105 प्रयोग सागर महाराज छुल्लक 105 परीत सागर महाराज की मंगलमयी उपस्थिति बनी रही।

1008 चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातः से मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती में जैन समाज के नर-नारियों की उपस्थिति रही। संगीतमयी दिव्य पूजन का कार्यक्रम हुआ।

प्रथम चरणाभिषेक का सौभाग्य श्री मति अंगूरी राजीव रितु जैन विदिशा, द्वितीय चरणाभिषेक का सौभाग्य आशीष मुदित जैन मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के परिवार को प्राप्त हुआ महापात्र मुनि सुवृत नाथ जिनालय समिति को महापूजन का अवसर प्राप्त हुआ। दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह से शाम तक कार्यक्रमों की श्रृंखला बनी रही।

## जैन दांपत्ति ने खोना बाबा मंदिर में मनाई विवाह की 50वीं वर्षगांठ

### आदिनाथ भगवान की अतिप्राचीन सिद्ध प्रतिमा है खोना वाले बाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम व्यापारिक केन्द्र खरगोन की पुरानी बस्ती में कभी एक पाषाण प्रतिमा आड़ी पड़ी हुई थी। ग्राम के लोग मवेशी या कोई कीमती वस्तु गुम जाने पर प्रतिमा के सामने प्रार्थना करते थे। खोई वस्तुएँ मिल जाने के कारण लोग उक्त प्रतिमा को खोना वाले बाबा के नाम से जानते और पूजन करते रहे।

खोना बाबा मंदिर में पहुंचकर देवरी के सुरेश जैन पत्नी मनोरमा जैन और परिवार द्वारा विवाह की 50वीं वर्षगांठ धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रत्येक परिवार को अभिषेक, शांतिधारा, विधान मंडल द्वारा भक्तांम्बर पाठ आरती का आयोजन किया जाता है।

करीब 3-4 वर्षो पूर्व जैन मुनि का खरगोन में आगमन हुआ और भगवान आदिनाथ की आड़ी पड़ी प्रतिमा बामुश्किल सीधा कर जैन समाज के लोगों द्वारा अब पूजन, अभिषेक किया जा रहा है।

प्रत्येक रविवार को नगर एवं विभिन्न स्थानों से जैन समाज के परिवार और युवक खोना वाले बाबा के मंदिर पहुंच कर धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे है।



### खोना वाले बाबा की दूर-दूर तक ख्याति -

कस्बा खरगोन इक्यावन नदी के किनारे बसा हुआ है। ग्राम एवं नदी किनारे खुदाई में हमेशा पाषाण प्रतिमाएं निकलती है। एक प्रतिमा विश्राम ग्रह में रखी हुई है। खेत में वृक्ष के नीचे लेटी हुई प्रतिमा आदिनाथ की अब खोना वाले बाबा की चमत्कारी प्रतिमा की ख्याति दूर दूर तक पहुंचने से विशेष पर्व अवसरों पर विभिन्न स्थानों से समाज के लोगों दर्शन करने पहुंचते है।

## विधानसभा में मंत्री विजयवर्गीय के कथन से उपज गया आक्रोश

### कांग्रेसियों ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के संबंध में की गई टिप्पणी से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर दीनदयाल परिषर चौराहे पर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला जलाने के साथ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करते हुए नारे लगाए गए।

ब्लॉक कांग्रेस, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी कार्यकर्ता दीनदयाल परिषर चौराहे पर एकत्रित हुए हाथों में कांग्रेस का झण्डा और मंत्री विजयबर्गीय के विरुध जमकर नारेवाजी कर बीच सडक़ पर पुतला जलाया। इस अवसर पर कौशलेन्द्र चौधरी, ज्ञानेन्द्र राजपूत, नीलेश शर्मा, पार्षद अफजल अली, इदरीश हयात, शशि रघुवंशी, मोनु शर्मा, कांग्रेस सेवादल के ब्लाक अध्यक्ष खालिद ठेकेदार, चौ. भूपेन्द्र सिंह, शिवम ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग**

**मंत्री के विरुद्ध की नारेबाजी**



### फसलों पर आसमानी आफत- कीट प्रकोप की बनी संभावना


## दूसरे दिन भी बादलों की सघनता से ढका रहा आसमान

### अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

गुरुवार को अचानक बदलते मौसम का दूसरे दिन शुक्रवार को भी व्यापक असर बना रहा। किसान आसमानी हलचल को देखते रहे। आसमान घने बादलों से ढका रहने के साथ धूप न निकलने और हवाओं में ठंडक का अहसास होता रहा। गर्म कपड़ों का पुनः उपयोग शुरु हो गया है।

**फसलों पर संकट के बादल :** जिस प्रकार आसमान में पिछले 36 घण्टों से घने बादलों का ढेरा बना हुआ है। गेंहू, चना इत्यादि की फसलों पर बादलों का भारी संकट दिखलाई दे रहा है। कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र में सब कुछ कृषि फसलों के उत्पादन और विक्री पर निर्भर रहता है। मौसम बदलने और आसमान में छाये बादलों, बदलें हवाओं के रुख से कभी भी बूंदाबांदी और बारिश की संभावना बनी हुई है।



**मौसम में बादलाव से फसलों पर इल्ली व रोगों का प्रकोप**

कभी ठंडा कभी गर्म मौसम फसलों की सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। ऐसे मौसम में फसलों में इल्ली लगने के साथ अनेक रोग लगना शुरु हो जाते है। फसलों की कटाई से पूर्व बना मौसम फसलों के लिए भारी नुकसानदायक हो सकता है। धीरे-धीरे फसलें पकने की स्थिति में पहुंच रही है। होलिका दहन के बाद नर्मदा क्षेत्र में फसलों की कटाई का दौर शुरु होगा। समय के साथ गेंहू, चना इत्यादि की फसलों ने रंग बदलना भी शुरु कर दिया है।

## किसानों के सामने पंजीयन की समस्या, जिम्मेदार बोले चल रहा है अपडेट कार्य

# राजस्व विभाग की गलती से उलझन में किसान पंजीयन में 'गेहूं की फसल' नहीं हो रही प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के किसानों को सोयाबीन के बाद अब रवि सीजन के गेहूं पंजीयन में गिरदावरी एप की गड़बड़ी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य समस्या यह है कि किसान गिरदावरी एप पर जब गेहूं का पंजीयन कराने पहुंच रहे हैं। केंद्रों पर उनकी गेहूं फसल गिरदावरी एप पर गेहूं फसल प्रदर्शित नहीं हो रही है। जबकि इस साल किसानों ने सबसे अधिक गेहूं की फसल बोई है।

गिरदावरी एप पोर्टल में गेहूं की जगह अन्य फसलें प्रदर्शित हो रही हैं। इससे किसानों में खासा असंतोष व्याप्त है। किसानों की शिकायत है कि तहसील एवं पटवारी कार्यालय के कई दफे चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

गेहूं पंजीयन प्रक्रिया 7 फरवरी से 7 मार्च तक चल रही है, लेकिन फसल गिरदावरी नहीं होने से किसानों के पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं जिससे उनके माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट नजर आने लगी है। अब जिले में कुल 9000 किसानों के पंजीयन हो चुके हैं। हाल ही में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित कर जिला खाद विभाग, जिला विपणन विभाग सहित जिला कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को समय पर किसानों के गेहूं पंजीयन जल्द से जल्द पूरा कराए जाने के आदेश दे चुके हैं। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी समय पर यह जरूरी कार्य नहीं निपटा पा रहे हैं।

जिले में इस बार गेहूं का रकबा करीब 30 हजार हेक्टेयर बढ़ने के बावजूद फसल गिरदावरी समय पर न होने से किसानों के पंजीयन अटक गए हैं। राजस्व विभाग की लापरवाही का खामियाजा अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है।



### समर्थन मूल्य पर बेचने की चिंता सता रही

सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन अनिवार्य है। यदि पंजीयन समय पर नहीं हुआ तो किसानों को निजी व्यापारियों को कम दाम पर फसल बेचनी पड़ सकती है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। कई किसानों ने कहा कि फसल तैयार है और कटाई शुरू होने वाली है। लेकिन पंजीयन में देरी से चिंता बढ़ गई है।

### विभाग का दावा - पोर्टल पर अपडेट कार्य चल रहा है, जल्द होगा समाधान

राजस्व, खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में गिरदावरी शेष है, वहां विशेष अभियान चलाकर रिकॉर्ड अपडेट किए जा रहे हैं। विभाग का दावा है कि अगले कुछ दिनों में लंबित प्रकरणों का निराकरण हो जाएगा।

हालांकि किसानों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या हल नहीं हुई तो वे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देंगे। अन्नदाता चाहते हैं कि गिरदावरी और पंजीयन प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध हो। ताकि उन्हें अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।

### पंजीयन प्रक्रिया जारी

गिरदावरी एप पर अपडेट कार्य तेजी से चल रहा है। आगे गेहूं पंजीयन में गति आएगी। गेहूं पंजीयन के लिए जिले में 117 केंद्र बनाए गए हैं अभी तक 9000 किसानों के पंजीयन हो चुके हैं।
- **राजू कातुलकर**, फूड अधिकारी रायसेन।

### 117 केंद्र बनाए अभी तक, 9000 किसानों के हुए पंजीयन

जिला प्रशासन ने जिले में कुल 117 पंजीयन केंद्र बनाए हैं। अब तक करीब 9 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है।लेकिन बड़ी संख्या में किसान ऐसे हैं जिनकी जमीन का रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से आवेदन स्वीकार नहीं हो पा रहा। कई किसानों ने बताया कि वे बार-बार पटवारी और राजस्व कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

देवनगर, गैरतगंज, सांची, बेगमगंज, सिलवानी, सुल्तानपुर, बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसील व रायसेन क्षेत्र के किसानों का कहना है कि गिरदावरी में गेहूं की फसल दर्ज ही नहीं है। जबकि खेतों में फसल तैयार खड़ी है। पोर्टल पर फसल दर्ज न होने से पंजीयन रिजेक्ट हो रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि समय रहते गिरदावरी नहीं की गई। जिससे अब अंतिम समय में भागदौड़ करनी पड़ रही है।



## कलेक्टर ने वनग्राम सिंहपुरी का भ्रमण किया, ग्रामीणों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के वन परिक्षेत्र सिलवानी पूर्व सामान्य अंतर्गत वनग्राम सिंहपुरी पहुंचकर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने वनग्राम का भ्रमण किया तथा वहां निवास कर रहे परिवारों के लोगों से बात की। इस दौरान डीएफओ प्रतिभा शुक्ला साथ रहीं। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बात कर उनसे पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के संबंध में विस्तार ये जानकारी लेते हुए चर्चा की।

इसके साथ ही उन्होंने एसओपी फाइल के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम, एसडीओपी फॉरेस्ट सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 'नारी शक्ति' का संदेश लेकर भारत यात्रा पर निकली आशा

**दीवानगंज**। नारी शक्ति, देशभक्ति और अदम्य साहस का संदेश लेकर साइकिल से भारत यात्रा पर निकली राजगढ़ की आशा मालवीय भोपाल से भोपाल-विदिशा हाईवे से होते हुए दीवानगंज पहुंचीं। यहां स्थानीय लोगों ने आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इसके बाद वे विदिशा के लिए रवाना हो गईं।

आशा ने बताया उनकी साइकिल यात्रा लगभग 7900 किलोमीटर की है, जो जयपुर से अरुणाचल प्रदेश तक जाएगी। अभी तक 2900 किमी का सफर तय कर चुकी हैं।



## आजीविका मिशन से आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सरकार द्वारा संचालित आजीविका मिशन ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इस मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ाव के माध्यम से महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं।

जिले के सिलवानी ब्लॉक के बम्होरी कस्बा निवासी विद्यावती आजीविका मिशन की मदद से रेडीमेड कपड़ा दुकान संचालित कर रही हैं और परिवार की आर्थिक उन्नति में योगदान दे रही है।

विद्यावती ने बताया कि समूह से जुड़ने से पहले वह सिलाई का कार्य करती थी, जिससे बहुत कम आय होती थी। गांव में बने स्वसहायता समूह की दीदियों से आजीविका मिशन और स्वसहायता समूह के बारे में पता चला कि समूह से जुड़कर वह स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। विद्यावती आजीविका मिशन के माध्यम से लीला स्वसहायता समूह में सदस्य के रूप में जुड़ी। उनके जीवन में आजीविका मिशन एक नई रोशनी लेकर आया। उन्होंने आजीविका मिशन की मदद से बैंक लिंकेज द्वारा ऋण लेकर रेडीमेड कपडे की दुकान बम्होरी कस्बा में खोली है जिससे महीने में लगभग 20000 से 25000 रू तक की आय हो जाती है। विद्यावती के जीवन में आजीविका मिशन से बदलाव आया है आज वह परिवार की आर्थिक उन्नति में योगदान दे रही हैं।

विद्यावती कपड़ा दुकान से परिवार की कर रही आर्थिक सहायता

ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रहा आजीविका मिशन



## मेरा युवा भारत अभियान में खो-खो, रस्साकशी और एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

'मेरा युवा भारत' (माय भारत) अभियान के तहत शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज के खेल मैदान पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का जोश और उत्साह के साथ आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में महाविद्यालय गैरतगंज के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने खो-खो, एथलेटिक्स और रस्साकशी जैसे खेलों में अपना कौशल दिखाया।

प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बालिका वर्ग में खो-खो, 100 मीटर दौड़ और गोला फेंक में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना लोहा मनवाया। वहीं बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ और रस्साकशी में युवाओं के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। गोला फेंक स्पर्धा में भी खिलाड़ियों ने सटीक थ्रो से जीत दर्ज की।

कार्यक्रम का संचालन जिला अधिकारी मोनिका चौधरी एवं महाविद्यालय प्राचार्य अखिलेश सोनी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर युवाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए हेमंत शर्मा, सत्यम ठाकुर, सुनील धाकड़, डॉ. प्रभात दुबे, अमित श्रीवास्तव, विशाल शर्मा एवं अंकित पटेल सहित नागरिक व प्राध्यापक उपस्थित रहे।




### राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए अरुण का चयन

**रायसेन**। शासकीय आईटीआई रायसेन में प्रशिक्षणरत व्यवसाय ड्राफ्टसमेन सिविल के छात्र अरूण सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कौशल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 15 फरवरी से 18 फरवरी तक रीजनल कॉम्पटीशन, वेस्टर्न रीजन कौशल प्रतियोगिता का आयोजन गांधी नगर गुजरात में हुआ। इस प्रतियोगिता में अरूण सिंह ने वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग स्किल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अरूण सिंह अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कौशल प्रतियोगिता में भाग लेगें। उनकी उपलब्धि पर प्राचार्य ने बधाई दी।



## श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिवस रासलीला से रुक्मणि विवाह तक गूंजे आध्यात्मिक प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

तहसील क्षेत्र के देवरी मड़िया ग्राम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा के छठवें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच कथा वाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने विभिन्न आध्यात्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ व्यासगादी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ, जिसके पश्चात कथा का क्रम आगे बढ़ा। समापन आरती में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।



### रास लीला : प्रेम और समर्पण का दिव्य संदेश

कथा के दौरान पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने रासलीला प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि रास केवल नृत्य नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रत्येक गोपी के साथ एक साथ उपस्थित होना यह दर्शाता है कि ईश्वर हर भक्त के हृदय में निवास करते हैं। रासलीला के माध्यम से निष्काम प्रेम, पूर्ण समर्पण और भक्ति की महिमा को सरल शब्दों में समझाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

### रुक्मणि-कृष्ण विवाह : अटूट विश्वास की गाथा

रुक्मणि-कृष्ण विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए शास्त्री ने बताया कि रुक्मणी का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और प्रेम ही उनके मिलन का कारण बना। उन्होंने समझाया कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है। यह प्रसंग श्रद्धालुओं के लिए आस्था और धैर्य का प्रेरक संदेश लेकर आया। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजकों ने सभी से कथा श्रवण कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आग्रह किया है।

### गीदगढ़ गुफा मंदिर में कथा चल रही

## श्रीराम कथा में वनवास प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

गीदगढ़ में श्रीराम कथा के साथ ही श्री अश्वमेध यज्ञ का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गीदगढ़ गुफा मंदिर परिसर में चल रहे श्रीराम अश्वमेध यज्ञ एवं राम कथा में कथावाचक चंद्रमोहन तिवारी ने पांचवें दिन श्रीराम वनवास प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा में बताया कि महारानी कैकेयी ने राजा दशरथ से पूर्व में दिए दो वरदान मांग लिए, जिनमें श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजतिलक शामिल था। पिता की आज्ञा को सर्वोपरि मानते हुए भगवान श्रीराम ने वनवास सहर्ष स्वीकार किया और माता सीता व भ्राता लक्ष्मण सहित वन को प्रस्थान किया।

22 फरवरी का श्री अश्वमेध यज्ञ की पूर्णाहुति एवं कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।



### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आज आयोजन होगा

**रायसेन**। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांची में शनिवार 21 फरवरी को रक्तदान करने शिविर लगाया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। सीबीएमओ डॉ रवि राठौर द्वारा रक्तदान करने वाले रहवासियों से अपील करते हुए सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान जीवनदान है। आप अपना रक्त देकर किसी को भी जीवनदान दे सकते हैं। रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। जो व्यक्ति अपनी इच्छा अनुसार रक्तदान करना चाहता है वह सांची के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर रक्तदान कर सकता है।

## सांची यूनिवर्सिटी ने ग्राम भगवतपुर में योग व स्वास्थ्य शिविर किया आयोजित

### योग विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को योग के प्रति जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन यूनिवर्सिटी के योग एवं आयुर्वेद विभाग ने ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्राम भगवतपुर में योग एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजली दुबे के मार्गदर्शन में हुआ।

शिविर का शुभारंभ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक के.पी. मालवीय द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। ग्रामवासी हुकुम सिंह सहित अनेक ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

योग विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। वहीं विभाग अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योगाभ्यास करने तथा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। डॉ. अंजली दुबे ने तुलसी, गिलोय एवं एलोवेरा जैसी आयुर्वेदिक औषधियों के औषधीय गुणों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव समझाए।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। ग्रामीणों ने भाग लेकर योग और आयुर्वेद के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की।

अंत में सभी ने स्वस्थ एवं योगमय जीवन अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



### रात करीब 11 बजे हुई हल्की बारिश, तापमान में आई भारी गिरावट

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है। सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आगामी चार दिनों तक आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे ठंड में हल्की नरमी महसूस की गई। दिन में बादलों की लुका-छिपी का दौर चलता रहा। शाम ढलते ही हल्की ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। शुक्रवार सुबह हवा की रफ्तार 20 किमी प्रति घंटा की चाल रही।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव मध्यप्रदेश के कई हिस्सों पर पड़ रहा है। इसके चलते जिले में बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। हालांकि फिलहाल तेज बारिश के आसार नहीं हैं, लेकिन बादलों की मौजूदगी से दिन के तापमान में एक-दो डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय हल्का कोहरा भी देखने को मिला। किसानों के अनुसार मौसम में यह बदलाव फसलों के लिए अनुकूल माना जा रहा है। हालांकि लगातार बादल छाए रहने से फसलों में रोग की आशंका भी बनी है।

मौसम के इस बदले मिजाज ने लोगों को हल्की गर्मी और ठंड के बीच उलझन में डाल दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते मौसम में सेहत का खास ध्यान रखें, सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े पहनना अभी भी जरूरी है।



### दो दिन से मावठ और छा रहे बादल

## बारिश से क्षेत्र में फिर बढ़ी ठंड

**दीवानगंज**। ग्रामीण अंचलों में पिछले दो दिनों से देर रात मावट (हल्की वर्षा) हो रही है, जिसके कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई है। लगातार बादल छाए रहने और धूप नहीं निकलने से दिन का तापमान भी गिर गया है, जिससे क्षेत्र में ठंड का असर तेज हो गया है।

ठंड बढ़ने से सुबह-शाम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहानों का काम देर से शुरू हो रहा है, वहीं बुजुर्गों और बच्चों को सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

किसानों का कहना है कि मावट से रबी फसलों को नमी तो मिली है, लेकिन लगातार ठंड और बादल बने रहने से चना, मसूर व सब्जी फसलों पर असर पड़ने की आशंका है।

मौसम में आई अचानक गिरावट से क्षेत्र में सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है और लोग गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं।

